प्रधान मंत्री, लोक सभा अध्यक्ष तथा केन्द्रीय मंत्रियों ने संसद भवन परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया

नई दिल्ली, 26 जुलाई 2019: आज लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने संसदीय ज्ञानपीठ के लॉन में "वृक्षारोपण कार्यक्रम" की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने रुद्राक्ष वृक्ष के पौधे लगाए। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, कई अन्य केन्द्रीय मंत्रीगण, राज्य सभा के उप सभापति श्री हरिवंश तथा संसद सदस्यगण भी उपस्थित थे।

मीडिया से बात करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि संसद में वृक्षारोपण की इस पहल के साथ ही देश के हर हिस्से को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए। श्री बिरला ने यह भी कहा कि हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के हमारे प्रयासों में वृक्षारोपण के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। श्री बिरला ने राज्य सभा और लोक सभा के प्रत्येक संसद सदस्य से व्यक्तिगत रूप से एक पेड़ लगाने का आग्रह किया जिससे कि देश के प्रत्येक गांव एवं नगर तक वृक्षारोपण का संदेश पहुंच सके।

तत्पश्चात्, राज्य सभा और लोक सभा में दलों के नेताओं ने भी नियत स्थानों पर रुद्राक्ष वृक्ष और जारुल (क्रेप मिर्टल) वृक्ष के पौधे लगाए।

रुद्राक्ष वृक्ष पूरी तरह विकसित होने पर लगभग 50-200 फीट तक की ऊंचाई वाला हो सकता है तथा इसका तना बेलनाकार होता है। इसका पत्तेदार शिखर पिरामिड के आकार वाला होता है तथा इसके फूल सफेद झालरदार पत्तियों वाले होते हैं। जारुल(क्रेप मिर्टल) वृक्ष मुख्यतः अपने काफी लंबे समय तक खिले रहने वाले रंग-बिरंगे फूलों के लिए जाने जाते हैं। इसकी अधिकांश प्रजातियां रंग-बिरंगी नसदार, लंबी धारीदार तने और शाखाओं वाली होती हैं।

इस कार्यक्रम के भाग के रूप में, रफी मार्ग के निकट उद्योग भवन और निर्माण भवन के पीछे राजपथ लॉन में संसद सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत रूप से पौधारोपण के लिए व्यवस्था भी की गई है।